प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 07.09.23

थाना लोनी पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से 9.032 किग्रा चरस (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 03.60 करोड़ रुपये) बरामद।

आज दिनांक 07.09.2023 को थाना लोनी कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान बिजलीघर के पास खाली खेत अहमदनगर चौकी क्षेत्र अशोक बिहार थाना लोनी से अवैध मादक पदार्थ चरस की तस्करी करने वाली एक शातिर महिला अभियुक्ता सितारा पत्नि स्व0 अख्तर निवासी मलिक सिटी गड्डा कालोनी अशोक विहार थाना लोनी गाजियाबाद को मय 9.032 किग्रा नाजायज चरस व एक इलेक्ट्रानिक काटा सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण -

पूछताछ के दौरान महिला अभियुक्ता सितारा द्वारा बताया गया कि मैं यह नशीली चरस बाहर से लाकर इसे छोटी छोटी पन्नी के पैकिटों में पैक कर छोटी-छोटी पुडिया बनाकर आने जाने वालो को बेचती हूँ जिससे मुनाफा कमाती हूँ और इसी से मै अपना खर्चा चलाती हूँ। साहब मैं पूर्व में भी दिल्ली से भी जेल गयी हूँ। अभियुक्ता के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्ता

सितारा पत्नि स्व0 अख्तर निवासी मलिक सिटी गड्डा कालोनी अशोक विहार थाना लोनी गाजियाबाद उम्र करीब 45 वर्ष,

आपराधिक इतिहास –

1.मु0अ0सं0-221/06 धारा-20/61/85 NDPS एक्ट थाना सदर बाजार, दिल्ली

2.मु0अ0सं0-748/23 धारा-8/20 NDPS एक्ट थाना लोनी, कमिश्नरेट गाजियाबाद

बरामदगी का विवरणः-

- कुल 9.032 किग्रा नाजायज चरस (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 03.60 करोड़ रुपये)
- एक इलेक्ट्रानिक काटा

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

पुलिस टीम थाना लोनी कमिश्नरेट गा0बाद ,

पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद पुलिस द्वारा चोरी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 04.09.23 को वादिया श्रीमती ललिता पत्नि अभिजीत निवासी एलआईजी फ्लैट नं0 76 द्वारा थाना मधुबन बापूधाम पर लिखित तहरीर दी की अपने ढाबा पर खाना बनाने के लिए आकाश S/O चन्द्र पाल सिंह निवासी काशीराम कालोनी चौकी क्षेत्र नई मन्डी थाना को0 देहात बुलंदशह को नौकरी पर रखा था जो उनके मकान पर ही रह रहा था। उनके घर से 2 अँगुठी, 1 सोने की चैन, पायल चाँदी की और कैश में 70000 जो उसने चोरी कर लिये है। उक्त सम्बन्ध में थाना मधुबन बापुधाम पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया था। सभी टीमों द्वारा प्रयास कर लोकल इनपुट व मुखबिर की सूचना आधार पर दिनांक 06.09.23 को पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को हिरासत में लिया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ पर अभियुक्त आकाश उपरोक्त द्वारा बताया गया कि अपने शौक पूरा करने के लिए उसके द्वारा चोरी की गई थी।

नाम पता अभियुक्त –

आकाश पुत्र चन्द्रपाल निवासी काशीराम कालोनी चौकी क्षेत्र नई मण्डी थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर

आपराधिक इतिहास अभियुक्त गण

अभियुक्त आकाश के विरुद्ध जनपद बु0शहर में 01 मुकदमा लैंगिग अपराध, 01 मुकदमा जुआ अधि0, व 01 मुकदमा हत्या के प्रयास का तथा थाना मधुबन बापूधाम पर 01 मुकदमा चोरी का कुल 04 मुकदमें पंजीकृत है।

बरामदगी का विवरण

2500 रूपये

गिरफ्तार करने वाली टीम

मधुबन बापूधाम पुलिस टीम

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा अवैध गांजे की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 11 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद

आज दिनांक 07.09.2023 को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद टीम द्वारा थाना विजयनगर क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना व लोकल इनपुट के आधार पर अवैध गांजे की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तगणों को लोको शेड तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया व कब्जे से अवैध 11 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ पर अभियुक्तगण ने बताया साहब हम गांजे को बड़ी मात्रा में खरीद कर उसे छोटी छोटी पुडियों में पैक कर रेलवे स्टेशन व आर्मी ग्राउण्ड में चलते फिरते राहगीर व ग्राउण्ड में मौजूद लोगों को बेचते हैं तथा जो पैसा हमे मिलता है हम उसे आपस में बाँट लेते है। आज भी हम अपना माल बेचने के लिये जा रहे थे कि आपके द्वारा पकड़ लिया गया। अभियुक्तगणो से गांजा कहाँ से लाते हो पूछा तो बताया कि साहब हमें माल हर बार कोई नया व्यक्ति देता है। जिसे हम नहीं जानते हैं।

नाम व पता अभियुक्त-

1-अजीत यादव पुत्र शंकर यादव निवासी सरवन का मकान निकट शिव मंदिर 80 फुटा रोड थाना शालीमार गार्डन जनपद गाजियाबाद मूल निवासी ग्राम घुसकी थाना बरारी जिला कटिहार बिहार उम्र 30 वर्ष।

2-निशांत पुत्र संजीव निवासी ग्राम निस्तौली थाना टीला मोड़ गाजियाबाद उम्र 25 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1. **अभियुक्त अजीत यादव उपरोक्त पर** - 06 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद।
2. **अभियुक्त निशांत उपरोक्त पर** - 05 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास

अभियुक्त अजीत के विरुद्ध 03 अभियोग एनडीपीएस एक्ट के , व 01 अभियोग आयुध अधिनियम से सम्बन्धित गाजियाबाद में पंजाकृत हैं।

अभियुक्त निशांत के विरुद्ध 02 अभियोग एनडीपीएस एक्ट गाजियाबाद में पंजाकृत हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

थाना विजयनगर पुलिस टीम

थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 315 नशीली गोलियाँ बरामद।

थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा दौराने गश्त व चेकिंग मुखबिर की सूचना पर दिनांक 07.09.2023 को निटको रोड पर निटको गली के पास साहिबाबाद से 01 अभियुक्त वारिस पुत्र वसीम निवासी एफ-214 नियर जयपाल चौक शहीदनगर साहिबाबाद गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से से 315 नशीली गोलियाँ (ALPRAZOLM I.P 0.5mg BECALM 0.5)) बरामद हुई है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

कार्यवाही एवं पूछताछ का विवरण

अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मैं नशीली गोलियाँ को सस्ते दामों में लाकर उन्हे महँगे दामों में नशा करने वाले व्यक्तियों को बेच देता हूँ। मैं यही कार्य करके अपनी आजीविका चलाता हूँ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

1.वारिस पुत्र वसीम निवासी एफ-214 नियर जयपाल चौक शहीदनगर साहिबाबाद गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

315 नशीली गोलियाँ जिसके रेपर पर(ALPRAZOLM I.P 0.5mg BECALM 0.5)

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

थाना साहिबाबाद पुलिस टीम।

थाना खोडा पुलिस टीम द्वारा धोखाधडी से एटीएम बदलकर पैसे निकालने की घटनाओं को कारित करने वाला 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार , कब्जे से 12 एटीएम व घटना में प्रयुक्त चोरी की 01 मोटर साईकिल बरामद।

दिनांक 06.09.2023 को थाना खोडा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग/गश्त के दौरान 01 एचडीएफसी एटीएम वन्दना विहार नेहरु गार्डन से धोखाधडी कर एटीएम बदलकर पैसे निकालने की घटनाओं को कारित करने वाला 01 अभियुक्त मुन्ना देशवाल पुत्र इरशाद नि0-मकान न0-303 डाबर तलाब बंगाली पीर के पास संगम बिहार लोनी गाजियाबाद उम्र 38 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 12 एटीएम व घटनाओं में चोरी की 01 मोटर साईकिल बरामद किया गया है जिसके सम्बन्ध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण - अभियुक्त मुन्ना देशवाल से पूछताछ की गयी तो बताया कि वह व उसका साथी मोनू उर्फ आसिफ अंसारी निवासी डाबर तलाब लोनी गाजियाबाद दूसरी मोटर साईकिल की नम्बर प्लेट को देखकर नई नम्बर प्लेट बनवाकर चोरी की गई मोटर साईकिल पर बदलकर लगाकर हम दोनों मोटर साईकिल का प्रयोग दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में एटीएम मशीनों से एटीएम बदल कर रु0 निकालने के लिए करते हैं व दिल्ली व एनसीआर में एटीएम मशीनों पर पैसे निकालने आये सीधे साधे लोगो को भ्रमित कर उनके एटीएम पिन देखकर एटीएम बदल लेते हैं और दूसरे एटीएम मशीनो पर जाकर पैसे निकाल लेते हैं। हम दोनों ने दिल्ली व एनसीआर में इस प्रकार की काफी घटनाए की हैं। हम दोनों ने मिलकर माह जुलाई 2023 में वसुंधरा सैक्टर 09 में बैंक आफ बड़ौदा के एटीएम से एटीएम बदल कर 50000 रु0 निकाले थे। मैं वर्ष 2020 में थाना विजय नगर से एटीएम बदलकर रु0 निकालने व एनडीपीएस एक्ट के अपराध में जेल गया था।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त –

मुन्ना देशवाल पुत्र इरशाद नि0-मकान न0-303 डाबर तलाब बंगाली पीर के पास संगम बिहार लोनी गाजियाबाद उम्र 38 वर्ष

बरामदगी का विवरण –

- कुल 12 एटीएम कार्ड
- घटना में प्रयुक्त चोरी की 01 मोटर साइकिल

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

अभियुक्त मुन्ना देशवाल के विरूद्ध थाना विजय नगर पर 02 अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम

थाना खोडा पुलिस टीम द्वारा

थाना लोनी पुलिस द्वारा अवैध रूप से पटाखे बनाने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध विस्फोटक पदार्थ, इलेक्ट्रॉनिक पटाखे एवं पटाखे बनाने की सामग्री आदि बरामद।

आज दिनांक 07.09.2023 को थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग / दबिश के दौरान मलिक सिटी में 21 पीर लोनी चौकी क्षेत्र अशोक विहार, थाना लोनी से अवैध रूप से पटाखे बनाने वाला एक अभियुक्त इमरान पुत्र जुम्मा निवासी हाल पता- वाडा चक्की के पास थाना टीला मोड जिला गाजियाबाद ,मूल निवासी ग्राम किशन पुर,थाना जारचा जिला बुलन्द शहर उम्र 29 वर्ष को मय अवैध विस्फोटक पदार्थ, इलेक्ट्रॉनिक पटाखे एवं पटाखे बनाने की सामग्री सहित गिरफ्तार किया गया तथा अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्ता

1. इमरान पुत्र जुम्मा निवासी हाल पता वाडा चक्की के पास थाना टीला मोड जिला गाजियाबाद ,मूल निवासी ग्राम किशन पुर,थाना जारचा जिला बुलन्द शहर उम्र 29 वर्ष ।

बरामदगी का विवरणः-

1. **एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा,**
2. **दो प्रेसर डाई मशीन लोहा, दो पिन्नी पैक करने वाली मशीन सफेद विस्फोटक पाउडर (कुल वजन 27 किलो 200 ग्राम)**
3. **पटाखा बम पैक करने के रैपर/पटाखा पैकिंग (कुल संख्या1246)**
4. **10 बने हुये इलेक्ट्रॉनिक पटाखे**
5. **मैग्नीशियम पाऊडर (कुल 6 किलो 640 ग्राम)**
6. **P.O.P. पाउडर (कुल वजन 6 किलो 560 ग्राम)**
7. **सफेद शोरा (कुल वजन 780 ग्राम)**

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

थाना लोनी पुलिस टीम